(20)

माननीय प्रबन्ध परिषद की 20 वीं बैठक दिनांक 10.12.2012 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 20 वीं बैठक दिनांक 10.12.2012 को सांय 05:30 बजे उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई ।

माननीय प्रबन्ध परिषद की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी :

1	डा0 अरविन्द कुमार बख्शी, कुलपति	अध्यक्ष
2	श्री संगीत सिंह सोम, माननीय विधायक	सदस्य
3	श्री देवाशीष पांडा, प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान	सदस्य
4	श्री देव मित्र सिंह, निदेशक कृषि, उ0प्र0	सदस्य
5	डा0 एस0के0 कौशिक, संयुक्त निदेशक, आई0सी0ए0आर0 प्रतिनिधि	सदस्य
6	श्रीमती गीता मिश्रा, नामित प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा	सदस्य
7	डा0 के0सी0 सिंह, कृषि वैज्ञानिक	सदस्य
8	डा0 रूद्र प्रताप सिंह, निदेशक, पशुपालन	सदस्य
9	श्री शिव शंकर राठी, कृषि उद्योगपति	सदस्य
10	श्री मनोज कुमार, प्रगतिशील कृषक	सदस्य
11	श्रीमती भारती शर्मा, सामाजिक महिला कार्यकत्री	सदस्य
12	श्री आशाराम, वित्त नियन्त्रक	सचिव

माननीय प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए माननीय कुलपति/अध्यक्ष द्वारा सर्व सहमति से माननीय प्रबन्ध परिषद की कार्यवाही प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी ।

माननीय सदस्यों द्वारा विलम्ब से बैठक बुलाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी और इस सम्बन्ध में कहा गया कि माननीय प्रबन्ध परिषद की बैठक समय से तथा नियमित रूप से बुलाई जानी चाहिए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। बैठक की सूचना 14 दिन पूर्व ईमेल या एस0एम0एस0 से तथा एजेन्डा 7 दिन पूर्व माननीय सदस्यों को उपलब्ध करा देना चाहिए।

प्रस्ताव संख्या 1 — **माननीय प्रबन्ध परिषद की 19वीं बैठक दिनांक 02.09.2011 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

माननीय प्रबन्ध परिषद के सचिव द्वारा 19वीं बैठक दिनांक 02.09.2011 के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।
प्रस्ताव पर चर्चा हुई तथा निर्णय लिया गया कि 19वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु आगामी बैठक में रखा जाए।

(कार्यवाही–सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद)

प्रस्ताव संख्या 2 — **माननीय प्रबन्ध परिषद की 19वीं बैठक दिनांक 02.09.2011 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि 19वीं बैठक के पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या आगामी बैठक में रखी जाए।

(कार्यवाही–सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद)

प्रस्ताव संख्या 3 — **नये कुलपति के चयन हेतु गठित सर्च कमेटी में माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा एक प्रतिनिधि नामित करने के सम्बन्ध में ।**

इस प्रस्ताव का कार्यवृत्त अलग से जारी किया जा रहा है।

(कार्यवाही–सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद)

(हस्ताक्षर)

प्रस्ताव संख्या 4

डा0 एन0एस0 राणा, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान के निलम्बन के अनुमोदन एवं मा0 विद्वत परिषद, जांच समिति, जांच अधिकारी तथा उच्च स्तरीय जांच समिति की संस्तुतियों के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

डा0 एन0एस0 राना के निलम्बन के सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय पर चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि निम्नलिखित 4 सदस्यों की उपसमिति का गठन किया जाए जो डा0 राना के निलम्बन के सम्बन्ध में अपनी जांच आख्या 15 दिन के अन्दर मा0 प्रबन्ध परिषद को प्रस्तुत करें।

1. श्री संगीत सिंह सोम — अध्यक्ष
2. डा0 के0सी0 सिंह, — सदस्य
3. निदेशक, कृषि — सदस्य
4. निदेशक, पशुपालन — सदस्य

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा निर्णय लिये जाने तक डा0 एन0एस0 राणा निलम्बित रहेंगे।

(कार्यवाही–सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद)

अन्त में सचिव माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया। तद्नुसार बैठक सम्पन्न हुई।

(आशाराम)
वित्त नियन्त्रक / सचिव, प्रबन्ध परिषद

अनुमोदित

(अरविन्द कुमार बख्शी)
कुलपति / अध्यक्ष

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ की दिनांक 10.12.2012 को सांय 05:30 बजे उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ के सभाकक्ष में आहूत माननीय प्रबन्ध परिषद की 20 वीं बैठक के प्रस्ताव संख्या–3 का कार्यवृत्त :

प्रस्ताव संख्या 3 **नये कुलपति के चयन हेतु गठित सर्च कमेटी में माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा एक प्रतिनिधि नामित करने के सम्बन्ध में ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्व सम्मति से माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्य प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान को सर्च कमेटी हेतु नामित किया।

(कार्यवाही–सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद)

(आशाराम)
वित्त नियन्त्रक / सचिव, प्रबन्ध परिषद